तापमान

अधिकतम 34 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .7 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

11 सड़क मरम्मत का काम दो दिन बाद होगा शुरू



12 कालेजों में दाखिलों के लिए पहुंचे विद्यार्थी



## खबर संक्षेप

### गोदाम के पास मिला अज्ञात युवक का शव

**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन पर गोदाम के पास अज्ञात युवक का शव राहगीरों ने देखकर जीआरपी पुलिस को अवगत करवाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। जीआरपी में तैनात एचसी सरिता ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि माल गोदाम के पास युवक का शव पड़ा हुआ है। जिसकी आयु करीब 35 वर्ष है। आस पास के क्षेत्र में मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

### बीपीएल महिलाओं को मुफ्त ई-रिक्शा ट्रेनिंग

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा बीपीएल यानी गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं के लिए 8 दिन का ई-रिक्शा ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। महिला विकास निगम द्वारा यह ट्रेनिंग महिलाओं को निःशुल्क दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए, पात्र महिला की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह हरियाणा की मूल निवासी हो। पात्र महिला की शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास तथा उसके पास वैध लर्नर लाइसेंस भी होना चाहिए। यह ट्रेनिंग 1 लाख 80 हजार से कम वार्षिक आय वाली महिलाओं या लड़कियों को ही दिया जाएगा। पात्र महिलाएं 10 जुलाई 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा ऑफलाइन जिला कार्यालय में भी अपना आवेदन जमा करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए गोहाना रोड़ स्थित अनिल विहार के मकान नंबर-842 नजदीक ऋषिकुल स्कूल स्थित जिला कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### गोवंश पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप

**सोनीपत।** गांव कबीरपुर में गोवंश पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। आरोप क्षेत्र के युवक पर लगा है। ग्रामीणों ने गोवंश को देखा तो पानी और मिट्टी डाल कर आग पर काबू पाया। आग लगने से गोवंश झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले का पता लगने पर गोरक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने सदर थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। गोरक्षक दल के सदस्य मनजीत ने पुलिस को बताया कि कबीरपुर में एक गोवंश को कई दिन से घूम रहा था। उन्हें जानकारी मिली है कि तीन-चार दिन पहले एक युवक गोवंश पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी थी। ग्रामीणों ने देखा तो आग पर काबू पाया। वह मौके पर पहुंचे और गोवंश की मरहम पट्टी की। वहीं, सूचना पुलिस को भी दी गई। जिसके बाद सदर थाना प्रभारी सेठी मलिक के साथ मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर लिया है।

### जिले में लगाए जा रहे शिविर में मौके पर समस्याओं का समाधान हो रहा केवल 20 प्रतिशत

# 30% को देरी और 50% को मिल ही नहीं रहा 'समाधान'

दीपक वर्मा ▸▸ सोनीपत

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर सभी जिलों में समाधान शिविर का आयोजन तो किया जा रहा है, लेकिन इन समाधान शिविरों में लोगों को समाधान आशा अनुरूप मिल नहीं रहा। आए दिन आने वाले सैंकड़ों शिकायतकर्ताओं की शिकायतों में से सिर्फ गिनी-चुनी शिकायतों का ही समाधान हो रहा है। मौके पर समाधान के लिये लगाए गए ये शिविर मौके पर तो 20 प्रतिशत के आसपास ही समाधान दे पा रहे हैं। हालांकि ओवरआल जिले का समाधान प्रतिशत 50 प्रतिशत के करीब है। अगर दूसरे शब्दों में कहें तो 30 प्रतिशत के करीब शिकायतकर्ताओं को बाद में समाधान मिल रहा है, वहीं 50 प्रतिशत से अधिक शिकायतकर्ताओं को समाधान ही नहीं मिल रहा। सोमवार तक इन शिविरों के माध्यम से कुल 2086 शिकायतें प्राप्त हो चुकी थी, जिनमें से 915 का समाधान हो पाया है, जबकि 1171 शिकायतें लंबित की श्रेणी में रखी गई है।

बता दें कि मुख्यमंत्री ने 10 जून से सभी जिलों में अधिकारियों को समाधान शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से सोमवार से लेकर शुक्रवार तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में परिवार पहचान पत्र के अलावा प्रॉपर्टी आईडी, राशन कार्ड, बिजली, पेयजल, पुलिस से संबंधित, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की



सोनीपत। सोमवार को समाधान शिविर के दौरान लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार से सीधी बातचीत

**सवाल :** 5 जुलाई तक मौके पर समाधान का आंकड़ा 417 था, 8 जुलाई को यह आंकड़ा 915 पर पहुंच गया, जबकि 6 और 7 जुलाई को तो समाधान शिविर भी नहीं लगे, ऐसा क्यों?

**जवाब :** 5 जुलाई तक 417 शिकायतें समाधान तक पहुंच गई थी। इसके बाद 6 और 7 जुलाई को विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागीय स्तर पर शिकायतों का निवारण किया। समाधान शिविर सोमवार से शुक्रवार लगते हैं, शनिवार और रविवार को दो दिनों में अधिकारियों ने विभागीय स्तर पर अपना काम किया। इसी वजह से समाधान का आंकड़ा 915 तक पहुंचा है और कुछ शिकायतों की भी एंट्री में गलती थी। इसी वजह से सूची को अपडेट किया गया है।

**सवाल :** शिकायतों के मौके पर समाधान का आंकड़ा कम क्यों है?

**जवाब :** सोमवार तक कुल शिकायतें 2086 थी, जिसमें से 915 का समाधान हो चुका है। 50 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है, इसे कम नहीं कहा जा सकता। कई शिकायतें टाइम टेकिंग हैं, जिनके लिये काम किया जा रहा है।

**सवाल :** ऐसी कौन सी शिकायते हैं, जोकि टाइम टेकिंग हैं?

**जवाब :** विकास से संबंधित शिकायतें, सड़कें बनवाना, गली बनवाना। इसके अलावा इंतकाल से संबंधित शिकायतें, विशेषतौर पर 1980 से 2000 के बीच के समय की रजिस्ट्रियों की। अपराध से संबंधित शिकायतें, जिनमें से अधिकतर में आरोप-प्रत्यारोप रहता है। प्रशासन का पूरी तरह से फोक्स लोगों की समस्याएं सुलझाने पर है।

**सवाल :** इस तरह की शिकायतों के लिये क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

**जवाब :** इन शिकायतों का लगातार फॉलोअप किया जा रहा है। विकास से संबंधित शिकायतों को संबंधित महकमों को भेजा गया है, विभागीय स्तर पर इनके संदर्भ में कार्यवाही जारी है, जैसे ही विभागीय स्तर पर हरी झंडी मिलेगी तो कार्रवाई भी शुरू कर दी जाएगी। इंतकाल के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। अपराध संबंधित शिकायतों के संदर्भ में भी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, जिनमें से अधिकतर में जांच का क्रम जारी है।

### 20 दिनों में 2086 शिकायतें मिली, औसत 100 से अधिक

समाधान शिविर दो तरह से उपमंडल स्तर पर तो संबंधित एसडीएम की अगुवाई में और जिला स्तर पर उपायुक्त की अगुवाई में आयोजित किए जा रहे हैं। शुरूआत के दो-तीन दिनों में इन शिविरों में शिकायतों की संख्या कम ही रही थी, लेकिन इसके बाद शिकायतों की संख्या बढ़ती चली गई। औसतन रोजाना 100 से अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। आंकड़ें पर गौर फरमाएं तो पता चलता है कि 8 जुलाई तक कुल 20 समाधान शिविर लगाए गए हैं, जिनमें कुल 2086 शिकायतें प्राप्त की गई हैं। इस तरह से रोजाना 100 से अधिक शिकायतों की औसत हो जाती है।

### छुट्टी वाले दो दिन और बदल गए आंकड़े

समाधान शिविरों में समाधान का आंकड़ा शनिवार और रविवार की छुट्टी के दिनों में अचानक से दोगुना हो गया है। दो दिन पहले यानि की शुक्रवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल शिकायतों का आंकड़ा 1956 था, जिसमें से 417 का समाधान हुआ था और 1539 लंबित थी। सोमवार को अचानक से सभी आंकड़ें बदल दिए गए। सोमवार को 201 शिकायतें मिलने के बावजूद कुल शिकायतें 2086 हुई, समाधान भी 915 पर पहुंच गया और लंबित भी घटकर 1171 रह गए।

### ये रही स्थिति

| तारीख | शिकायतें | मौके पर समाधान | बाद में समाधान | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| 10 जून | 11 | 5 | — | 6 |
| 11 जून | 23 | 5 | 2 | 16 |
| 12 जून | 77 | 22 | — | 55 |
| 13 जून | 97 | 38 | 50 | 9 |
| 14 जून | 118 | 27 | 50 | 31 |
| 18 जून | 94 | 33 | — | 61 |
| 19 जून | 107 | 30 | 50 | 27 |
| 20 जून | 107 | 30 | 50 | 27 |
| 21 जून | 110 | 55 | 50 | 5 |
| 24 जून | 117 | 24 | — | 93 |
| 25 जून | 115 | 29 | 50 | 36 |
| 26 जून | 78 | 21 | — | 57 |
| 27 जून | 95 | 17 | — | 78 |
| 28 जून | 80 | 6 | — | 74 |
| 1 जुलाई | 126 | 14 | 50 | 62 |
| 2 जुलाई | 161 | 10 | 7 | 144 |
| 3 जुलाई | 117 | 14 | 50 | 53 |
| 4 जुलाई | 121 | 8 | 50 | 63 |
| 5 जुलाई | 141 | 20 | 32 | 89 |
| 8 जुलाई | 201 | 16 | — | 185 |
| कुल | 2086 | 424 | 491 | 1171 |

नोट : जिला प्रशासन के अनुसार कुल शिकायतों में से 8 जुलाई तक 915 का समाधान हो चुका है।

### सोमवार को आई 207 शिकायतें

सोमवार को जिला मुख्यालय पर लघु सचिवालय में उपायुक्त डा. मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर मौके पर ही लोगों की शिकायतों का समाधान किया गया। जिले भर में कुल 201 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें से 16 का मौके पर समाधान किया गया। वहीं 185 शिकायतें लंबित की श्रेणी में रखी गई है। समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त रेणुका, अंडर ट्रेनी एचसीएस अभिषेक गर्ग, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए भाजपा नेता तरुण देवीदास।

## हरियाणा की पहचान खेल और खिलाड़ियों से : तरुण

- राज्य स्तरीय टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता में पहुंचे भाजपा नेता तरुण देवीदास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

मुरथल रोड पर तीन दिवसीय तृतीय राज्यस्तरीय रैंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने शिरकत की। प्रतियोगिता के आरंभिक मुकाबलों में अंडर 11 व 13 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के मुकाबले कराए गए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलों का प्रदेश रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए नई-नई योजनाएं एवं कार्यक्रम कर रही है। आज विश्व के सबसे बड़ी प्रतियोगिता ओलंपिक में पूरे देश में सबसे अधिक पदक जीतने वाला प्रदेश हरियाणा है।

आज हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अच्छा भविष्य बना सकते हैं। अच्छा खेल प्रदर्शन के आधार पर हम सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि हमें खेल की भावना से खेलना है और हार जीत तो खेल का हिस्सा है। हमें अपनी हार से निराश नहीं बल्कि दुगने जोश से दोबारा प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### बिजली निगम देगा उपभोक्ता राधेश्याम को पांच हजार मुआवजा

**सोनीपत।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) सोनीपत को अपने स्वयं कोष से उपभोक्ता राधे श्याम को 5 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग ने यह जुर्माना उपभोक्ता को बिना कारण परेशान करने व एसडीओ कार्यालय में उपभोक्ता के कई चक्कर कटवाने के कारण लगाया गया।जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता राधे श्याम ने बिजली मीटर की असामान्य रीडिंग के कारण शिकायत यूएचबीवीएन, सोनीपत में भेजी थी। जांच में पाया गया कि मीटर रीडर द्वारा काफी समय से सही रीडिंग नहीं ली गई थी। निगम ने 28 जनवरी, 2023 को मीटर बदला और पुराने मीटर को रोहतक में एंडटी लैब में जांच के लिए भेजा गया, जहां पर मीटर डिस्प्ले पर रीडिंग ठीक होने की पुष्टि की गई। लेकिन सीएमआरआई ने इस मीटर का डेटा प्राप्त नहीं किया।

- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने दिए आदेश, बिजली मीटर में गड़बड़ी के चलते आया था अधिक बिजली बिल

## ईस्टर्न पेरिफेरल-वे बना भ्रूण लिंग जांच का अड्डा, विभाग की टीम ने किया भंडाफोड़

- सोनीपत टीम को मिली बड़ी कामयाबी, सड़क मार्ग पर गाड़ी में की जाती थी जांच
- लैब के सैंपल लेने वाली एक महिला मिली गिरोह की सरगना
- 35 हजार रुपये में किया था सौदा तय, गाजियाबाद थाना मसूरी कर रहा मामले में जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत की पीएनटी टीम के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। सोनीपत पीएनडीटी टीम ने भ्रूण लिंग जांच के एक बड़े गिरोह का भंडा-फोड़ किया है। गाजियाबाद में स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल-वे ही भ्रूण लिंग जांच का अड्डा बना हुआ था। सोनीपत पीएनडीटी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। जहां लैब के सैंपल लेने वाली एक महिला को टीम ने पड़ा है जो ईस्टर्न पेरीफेरल-वे पर गाड़ी में जांच करवाती थी। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। जिसमें मामले में गाजियाबाद थाना मसूरी कार्रवाई कर रही है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जय किशोर को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लड़का और लड़के होने की गर्भ में जांच की जा रही है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग अधिकारी के निर्देश पर जिला पीएनडीटी अधिकारी डॉक्टर सुमित कौशिक ने एक टीम का गठन किया गया। जिसमें डा. जितेंद्र शर्मा और डा. सुनील छिक्कारा को शामिल किया गया। टीम ने कहे अनुसार एक गर्भवती महिला को तैयार किया। गर्भवती महिला ने जब बात की तो 35 हजार में गर्भ में लड़का और लड़के होने की बात कही गई। गिरोह की सरगना मीनाक्षी के पास जब गर्भवती महिला पहुंची तो 35 हजार रुपए में तय हुआ। इसके बाद पैसे लेने के बाद मीनाक्षी गर्भवती महिला को गाड़ी में गाजियाबाद में ईस्टर्न पेरीफेरल-वे पर गाड़ी से लेकर पहुंची। मीनाक्षी पैदल ही एक्सप्रेसवे से नीचे कच्चे रास्ते में गर्भवती महिला को लेकर उतर गई। जिसके बाद मीनाक्षी के कहे अनुसार गाड़ी नंबर 2747 नंबर की गाड़ी गर्भवती महिला के पास पहुंची। गाड़ी में ही गर्भवती महिला की जांच की गई। पीएनडीटी टीम ने मौके से दलाल महिला को पकड़ा लिया। गाड़ी में जांच करने वाला टीम को धोखा देकर फरार हो गया। आरोपित महिला के पास से 500 रुपए बरामद हुए हैं महिला ने बताया है कि उसने 16 हजार गाड़ी ड्राइवर को दिए थे, जिसने जांच की थी और 11 हजार रुपए में से उसने अपने पास रखे और 5 हजार मीनाक्षी को दिए। जिसमें से उसने 4 हजार 500 रुपए उधार ही दे दी। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।



सोनीपत। छापेमारी के दौरान मौजूद टीम व पकड़ी गई आरोपित महिला।

### मामले की जांच की रही

गाजियाबाद में गर्भ के अंदर लड़का और लड़की होने की जांच की बात सामने आई थी। सूचना के आधार पर गर्भवती महिला को भेजा गया था। 35 हजार में तय हुआ था, लेकिन 16 हजार में जांच की गई है। गाजियाबाद में स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल-वे के नीचे गाड़ी में जांच की गई है मौके से मीनाक्षी नाम की महिला को पकड़ा गया है जो लैब में सैंपल लेने का कार्य करती है। गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया है। फिलहाल मामले में गाजियाबाद के थाना मसूरी जांच कर रही है।

**डा. सुमित कौशिक, जिला पीएनडीटी अधिकारी।**

### मुख्य सचिव ने वीसी से उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को दिए निर्देश

# शिक्षण संस्थानों के पास नशीले पदार्थों की बिक्री रोकें

- नेशनल कोर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सोमवार को जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों के साथ एनकोर्ड (नेशनल कोर्डिनेशन सेंटर) की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिला में नशे की चैन को तोड़ने के लिए अधिकारी एक विशेष प्लान तैयार कर नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें ताकि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। वीसी के उपरांत उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में शिक्षण संस्थान के आस-पास बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू या अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में नौवीं से बाहरवीं तक के विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाएं। स्कूलों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दें, ताकि वे इससे दूर रहें। यदि किसी को यह बुरी लत लग भी गई हो तो उसके पुनर्वास के लिए प्रयास किये जाने चाहिए। सभी शिक्षण संस्थान अपने परिसर में नशे के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए फ्लैक्स आदि भी लगवाएं। उपायुक्त ने कहा कि साइकोट्रोपिक दवाओं की खुदरा, थोक और स्टॉकिंग के लिए प्रत्येक लाइसेंस धारक को इस साथी ऐप में ऑनलाइन एंट्री करनी होगी। एंट्री के बगैर कोई भी दवा रखने पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज होगा। इस मौके पर डीसीपी नरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, डीए सुनील खत्री सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।




सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

### संस्थानों में शिकायत पेटी लगवाएं

उपायुक्त ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों में एक शिकायत/सुझाव पेटी भी लगवाई जाए ताकि कोई भी विद्यार्थी अगर संस्थान में नशा ब्रिकी को लेकर कोई गतिविधि चल रही है तो वह अपनी शिकायत/सुझाव इसमें डाल सके। शिकायत पेटी में इस प्रकार की शिकायत मिलते ही संबंधित अधिकारी तुरंत इसपर कार्यवाही करें। उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि नशे का व्यापार करने वालों को पकड़वाने में प्रशासन की मदद करें, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सके।

## विधायक ने गढ़ी ब्राह्मणान के राजकीय विद्यालय में वाटर कूलर की दी सौगात

- रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के तत्वावधान में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के तत्वावधान में वाटर कूलर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पंवार ने बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थियों को वाटर कूलर की सौगात दी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शिक्षा देश व प्रदेश की तरक्की के लिए बहुत ही जरूरी है। शिक्षा के बगैर किसी भी समाज या प्रदेश की तरक्की असंभव है। जब तक विद्यार्थियों को सही माहौल में शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक पूर्ण रूप से शिक्षित पीढ़ी हमें नहीं मिल सकती है। प्रत्येक स्कूल में अच्छा क्लास रूम जिसमें सभी सुविधाएं शामिल हो, आज के दौर में बहुत जरूरी है। सरकार को स्कूलों की हालत सुधारने के लिए धरातल स्तर पर कार्य करना चाहिए। कई स्कूलों की आज ऐसी स्थिति है जिनमें मूलभुत सुविधाएं भी विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब के साथ मिलकर हमने लक्ष्य रखा है कि किसी भी स्कूल में विद्यार्थी को गर्म पेयजल न पीना पड़े। इसके लिए सभी स्कूलों में वाटर कूलर देने का बीड़ा उठाया है। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, प्राचार्य अतुल खट्टर, अध्यक्ष राजेश कटारिया, आशु नागपाल, पंकज सैनी, उमेद खत्री, संजय आंतिल, शीशपाल अरोड़ा, राजन मक्कड़, पुनीत जग्गा, आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार वाटर कूलर की सौगात देते हुए।

हरिभूमि सहेली

बदलते हुए समय के साथ वैवाहिक रिश्तों को लेकर महिलाओं की सोच भी बदली है। उनके लिए विवाह अब अनिवार्य नहीं रहा है। आज कई महिलाएं पूरी स्वतंत्रता के साथ सिंगल रहना पसंद करती हैं। विवाह को लेकर बढ़ती अरुचि, टूटते वैवाहिक संबंधों की बढ़ती संख्या पर एक जरूरी विवेचन।



# महिलाएं क्यों रहना चाहती हैं सिंगल

कवर स्टोरी / अलका 'सोनी'

विवाह हमारे समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा है। ऐसा माना जाता है कि जीवन की गाड़ी, विवाह के पहिए पर ही आगे बढ़ती है। विशेषकर महिलाओं के लिए तो विवाह अनिवार्य है। इनका सिंगल रहना जैसे वर्जित है। लड़की की उम्र थोड़ी ज्यादा हुई नहीं कि उसके बारे में तरह-तरह की बातें होने लगती हैं। लोग उससे यही पूछते हैं, 'तुम्हारे हाथ कब पीले हो रहे हैं? मिठाई कब खिला रही हो?' इतना ही नहीं समाज के लोग तरह-तरह के अटपटे सवाल भी करते हैं। लड़की खुद को बहुत शर्मिंदा महसूस करती है। हम यह क्यों नहीं समझते कि बदले हुए दौर में लड़कियों की सोच भी बदल चुकी है। अब उनके जीवन में विवाह के इतर भी बहुत कुछ है।

## लड़कियों की बदल गई हैं प्राथमिकताएं

पिछले कुछ समय से लड़कियों की वैवाहिक रिश्ते में बंधने और इसके प्रति कमिटमेंट में रहने की मानसिकता में बदलाव आया है। शादी, जिसे सात जन्मों का बंधन माना जाता है, यह सोच बदली है। पति के साथ हर हाल में संबंधों का निर्वाह उनके लिए अब जरूरी नहीं है। आज उनके लिए अकेले रहना मुश्किल नहीं है। सामाजिक रीति-नीति को झुठलाती ये लड़कियां आत्मविश्वास से भरपूर और आत्मनिर्भर हैं। इनकी प्राथमिकताएं अब बदल चुकी हैं। शादी को यह आधी दुनिया अब बहुत जरूरी नहीं समझती।

## क्यों बढ़ रही है विवाह के प्रति अरुचि

सवाल यह है विवाह और विवाह संबंधों की बढ़ती अरुचि के पीछे कारण क्या हैं? डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई एक स्टडी के अनुसार संबंधों को चलाने के लिए पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा काम और मेहनत करनी पड़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक तरह से गृहस्थी की सारी जिम्मेदारी हमारे समाज में महिलाओं के हिस्से में डाल दी जाती हैं।

रिलेशनशिप एक्सपर्ट्स की मानें तो महिलाएं रिश्तों को निभाने के साथ-साथ घर के काम, खाना बनाना, फैमिली का ध्यान रखना, बच्चों की परवरिश, रिलेशनशिप में होने वाली छोटी-मोटी लड़ाइयों का निपटारा आदि बातों में इतनी ज्यादा उलझ जाती हैं कि रिलेशनशिप में उनकी रुचि एक समय के बाद खत्म हो जाती है। वे अपना 'मी' टाइम मिस करने लगती हैं। नतीजा यह होता है वे विवाह के बंधन से मुक्त होने की सोचने लगती हैं।

## कोई गिला नहीं जिंदगी से

अब तेजी से वक्त बदल रहा है। महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता ने उनकी स्थिति को बदला है। नए दौर की महिलाएं करियर, सामाजिक रुतबे और मन मुताबिक जिंदगी जीने को तवज्जो देने लगी हैं। सौ फीसदी ना सही, लेकिन शिक्षित वर्ग की महिलाओं का एक बड़ा तबका अब अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रहा है। समाज क्या कहेगा, इसकी चिंता छोड़कर ये महिलाएं वही करती हैं, जो उनका दिल कहता है। यही कारण है कि अविवाहित महिलाओं की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। खास बात यह है कि इन सिंगल वूमेन को अपने अकेलेपन से कोई शिकायत नहीं है। ये जिंदगी की दौड़ में जीत दर्ज करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं, खुश भी हैं।



### क्या कहते हैं आंकड़े

डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई स्टडी के अनुसार जहां 49 फीसदी पुरुष अपने सिंगल स्टेटस से खुश हैं, वहीं 61 फीसदी महिलाएं सिंगल रहना चाहती हैं। इस स्टडी में यह भी बताया गया है कि सिंगल महिलाओं में लगभग 75 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने लिए पार्टनर ढूंढ़ने की कोई कोशिश भी नहीं की है, जबकि महिलाओं के मुकाबले ऐसे पुरुष केवल 65 फीसदी हैं।

## शादी को लेकर टूट रही है अवधारणा

'पत्नी और मां बने बिना औरत अधूरी है।' यह अवधारणा अब पुराने जमाने की सी मालूम होती है। छत्तीस वर्षीया तनु कहती हैं, 'मुझे नहीं लगता कि शादी संपूर्णता और खुशी की गारंटी है। मैंने अपने बहुत से दोस्तों को देखा है, जो शादी-शुदा होने के बावजूद अकेले और खुद को प्यार से वंचित महसूस करते हैं। यह सच है कि अपने अंदर की रिक्तता को आप खुद ही भर सकते हैं। मैं अपने करियर और शौक पूरे करके खुश हूं। आज अपने आस-पास टूट रहे वैवाहिक संबंधों को देखकर अकेले रहने के फैसले से मुझे खुशी महसूस होती है।' तनु आगे भी कहती हैं, 'घर से लेकर ऑफिस तक के काम में मैं इतनी बिजी रहती हूं कि खुद के लिए फुर्सत नहीं होती तो अकेलापन कहां से महसूस होगा। वैसे भी घर में मम्मी-डैडी सब हैं।' तनु जैसी अन्य महिलाओं को भी देखकर कहा जा सकता है कि कभी पति और बच्चों के दायरे में सिमटी रहने वाली भारतीय महिलाओं की सोच और जिंदगी अब तेजी से बदल रही है।

## जीवन की सफलता के लिए जरूरी नहीं विवाहित होना

पहले किसी महिला की सफलता-असफलता उसकी वैवाहिक स्थिति से मापी जाती थी। मतलब अगर महिला की शादी-शुदा जिंदगी सुखी है तो वह सफल है। अगर उसका वैवाहिक जीवन बिखरा हुआ है या वह तलाकशुदा है तो उसे असफल माना जाता था। लेकिन आज महिलाएं जान चुकी हैं कि उनकी सफलता का विवाह से कोई लेना-देना नहीं है। कोई महिला कितनी सफल है, यह उसके करियर और आर्थिक आत्मनिर्भर होने से जुड़ा विषय है, ना कि विवाह से जुड़ा।

## स्वतंत्र रहने की चाहत

हमारे देश में पारिवारिक ढांचा ऐसा है, जिसमें पढ़ी-लिखी और काम-काजी महिलाओं को भी आजादी नहीं मिल पाती। उन पर पाबंदियां होती हैं। उन्हें हर बात का हिसाब देना पड़ता है। अगर वे बाहर काम करती हैं तो उन्हें घरेलू कामों से भी राहत नहीं मिलती। इसके अलावा उन्हें अपने वेतन से घर चलाने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। शादी-शुदा होने की स्थिति में भी उनके पैसे पर उनके पति का ही अधिकार होता है। इस स्थिति में महिलाएं सिंगल रहना ज्यादा पसंद करती हैं।

उपर्युक्त पहलुओं पर विचार करने के बाद यही कहा जा सकता है कि आज की महिलाएं जागरूक हुई हैं। वे अपने करियर और अपनी पसंद को वरीयता दे रही हैं। रिश्ते में किसी तरह का समझौता नहीं चाहती हैं। अब वह जमाना नहीं रहा कि वे घुट-घुटकर जीवन को गुजारें।

### टूट रहा है परंपरागत सामाजिक ढांचा

**भारत में** वैवाहिक रिश्तों का परिदृश्य लगातार तेजी से बदल रहा है। यह पिछले कुछ सालों में परंपरागत समाज की तुलना में आधुनिक ढांचे की ओर बढ़ रहा है। शादी और रिलेशनशिप से जुड़े अलग-अलग सवालों को लेकर किए गए एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय महिलाएं अपनी विषम पारिवारिक स्थितियों के कारण सिंगल रहना पसंद कर रही हैं। आज वे केवल सामाजिक मांगों के कारण रिश्ते में बंधने की जल्दबाजी नहीं कर रही हैं। डाटा एनालिस्ट मिंटेल की स्टडी के अनुसार देश भर की लगभग 81% महिलाओं ने महसूस किया कि अविवाहित होने और अकेले रहने में अधिक आसानी होती है। यहां तक कि किसी के साथ डेटिंग करते समय भी उनमें से लगभग 63% ने कहा कि वे केवल अपने साथी की पसंद को वरीयता नहीं देंगी बल्कि खुद के प्रति सच्ची रहेंगी। इस स्टडी से यह भी पता चला कि 83% महिलाएं तब तक इंतजार कर सकती हैं, जब तक कि उन्हें सही साथी ना मिले। यानी कि अब उन्हें शादी या जीवनसाथी के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है।

डाइट एडवाइस
शिखर चंद जैन

हेल्दी रहने के लिए केवल लंच और डिनर ही नहीं ब्रेकफास्ट का भी न्यूट्रिशस होना जरूरी है। याद रखें कि किसी भी कंडीशन में ब्रेकफास्ट स्किप ना करें। इसे स्किप करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।



# कभी स्किप ना करें ब्रेकफास्ट

अभिलाषा, तुमने तो शूज भी पहन लिए। इतनी भी क्या जल्दी है, नाश्ता करके चलेंगे।' तनु ने अपनी रूममेट को टोका। अभिलाषा लापरवाही से बोली, 'क्या यार तेरी बुजुर्गों जैसी आदतें हैं। नाश्ता क्या करना है, सीधे लंच लेंगे रेस्तरां में।'

तनु ने समझाया, 'शायद तुम्हें पता नहीं है कि ब्रेकफास्ट करना सभी के लिए जरूरी है। सुबह का नाश्ता हमें दिन की बेहतरीन एनर्जी देता है।'

**कई रोगों से बचाव:** दुनिया भर में कई शोध हो चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि नियमित रूप से नाश्ता करने के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में डाइटिशियन और मेडिसिन की प्रोफेसर कैथरीन स्टार कहती हैं, 'नाश्ता करने से मोटापा, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और टाइप टू डायबिटीज का जोखिम कम होता है। वयस्कों में शॉर्ट टर्म मेमोरी इंप्रूव होती है, बच्चों का परफॉर्मेंस इंप्रूव होता है। उन्हें भरपूर एनर्जी मिलती है। नाश्ता सही शुरुआत में मददगार होता है।'



**कैसा हो ब्रेकफास्ट:** न्यू जर्सी (अमेरिका) की डाइटिशियन लॉरेंस हैरिस पिंकस कहती हैं, 'मेन मील से पहले ब्लड शुगर लेवल और एनर्जी मेंटेन करने के लिए प्रोटीन, फाइबर रिच और अनसैचुरेटेड फैट्स फ्री नाश्ता करें।'

**प्रोटीन:** मसल्स मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रेंथ के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसकी मात्रा डाइट में 25 से 30 ग्राम तक सीमित रखें। इससे अधिक प्रोटीन या तो बॉडी में फैट की तरह स्टोर हो जाता है या फिर निकल जाता है। जब नाश्ता मिस करती हैं तो सुबह प्रोटीन की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है।

**न्यूट्रिएंट्स:** हमारे शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी पाई जाती है, वे हैं-कैल्शियम, विटामिन डी, पोटेशियम और फाइबर्स। नतीजतन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जब रेग्युलर न्यूट्रिएंट्स रिच नाश्ता करती हैं तो इन तत्वों की भरपाई होती है। ओट्स, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स, फल लें। इनसे विटामिन डी, फाइबर्स, कैल्शियम मिलता है।

### ब्रेकफास्ट करने के फायदे

- सुबह भूखे रहने पर हमारा कंसंट्रेशन वीक होता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट कंसंट्रेशन लेवल और फोकस इंप्रूव करता है।
- नाश्ता करने से इमोशंस कंट्रोल करने में मदद मिलती है और डिसीजन मेकिंग स्किल सही रहती है।
- चीज, योगर्ट, फर्मेंटेड फूड्स (ढोकला, इडली) लेने से टाइप टू डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इन्फ्लेमेशन का जोखिम कम होता है।

# ग्रीन टी से पाएं चेहरे पर निखार

टिप्स

आपने यह तो सुना-पढ़ा होगा कि हमारी हेल्थ के लिए ग्रीन टी बहुत फायदेमंद है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह स्किन की कई प्रॉब्लम्स को दूर कर रंगत को भी निखारती है। दरअसल, ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, चेहरे की सेल्स में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं। इससे त्वचा में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ने से चेहरे की रंगत में निखार आता है। जानिए, ग्रीन टी से कैसे स्किन केयर की जा सकती है।



- मॉयश्चराइजर के तौर पर ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। 25 मिली कोकोनट ऑयल, 25 मिली एलमंड ऑयल और 25 मिली एसेंशियल ऑयल (जैसे लैवेंडर ऑयल) को आधा कप ग्रीन टी की पत्तियों में डुबोकर रखें। कुछ देर बाद इसे ब्लेंडर में पीसकर पेस्ट बना लें। इसका इस्तेमाल मॉयश्चराइजर की तरह करें। यह त्वचा को नमी देकर सुंदर बनाता है। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाता है।
- आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स कम करने के लिए उस हिस्से पर ग्रीन टी बैग्स लगाएं। इससे आंखों के आस-पास की पफीनेस भी दूर होती है।



- ग्रीन टी बैग का इस्तेमाल करने के बाद इन्हें फेंके नहीं, इसके बजाय इन्हें फ्रीजर में रखकर जमा लें। दिन में एक बार इन्हें आंखों और चेहरे पर 15 मिनट तक रखें। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की स्किन को न्यूट्रीशन देकर हेल्दी बनाते हैं।

-सहेली फीचर्स

बिहेवियर / रेखा शाह आरबी

हम अकसर ही बात-बात पर झुंझलाते हैं, इरिटेट होकर टेंशन में आ जाते हैं। हमें समझ में ही नहीं आता कि यह हो क्यों रहा है? ऐसी मन:स्थिति में लंबे समय तक रहना हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है। इससे हम कैसे बचें, एक बहुत ही जरूरी सलाह।

# जब मन हो इरिटेट

नितिन सुबह से ही देख रहा था, पत्नी साक्षी का मूड उखड़ा-उखड़ा है। बार-बार उसे मूड स्विंग हो रहे हैं। कुछ भी पूछने पर अजीब-सा जवाब मिलता। ऐसा भी नहीं था पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा हुआ हो। नितिन समझ नहीं पा रहा था कि साक्षी क्यों ऐसा व्यवहार कर रही है? उधर साक्षी को ना कुछ करना अच्छा लग रहा था, ना ही किसी से बात कर रही थी। नितिन एक समझदार पति है, वह जान रहा था कि साक्षी का यह नॉर्मल बिहेवियर नहीं है। अगर उसके बिहेवियर में परिवर्तन है तो जरूर कोई बात है, जिससे वह इरिटेट हो रही है। अगर नितिन की जगह पर कोई दूसरा होता तो घर में कलह होना तय था। साक्षी का इरिटेट होना, कोई बहुत असामान्य बात नहीं है। ऐसा हम सभी के साथ कभी ना कभी होता है। ऐसा प्रायः कभी मौसम बदलने के कारण, कभी प्रेग्नेंसी के दौरान या कुछ मनमुताबिक ना हो पाने या फिर कभी थकी-हारी हुई अवस्था के कारण होता है। स्वयं को समझ में नहीं आता है कि आखिर मन क्यों इतना खिन्न है? जब ऐसा मूड हो जाता है तो मन परेशान हो जाता है, इंसान तनाव में आ जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ कारगर उपाय अपनाकर इरिटेशन, तनाव से मुक्त हुआ जा सकता है-

**फेवरेट पर्सन से करें बातें:** हम सभी की जिंदगी में कोई ऐसा दोस्त या परिवार में कोई एक ऐसा सदस्य जरूर होता है, जिससे हम पूरे भरोसे के साथ अपने दिल की बातें साझा कर सकते हैं। इससे मन हल्का हो जाता है। अगर कभी मन में चिंता, दुविधा, चिड़चिड़ाहट और नकारात्मकता भर रही हो तो अपने फेवरेट पर्सन से दिल की बातें साझा करें, अपनी समस्या दिल खोलकर बताएं। इससे ना केवल मन हल्का होगा। आपको सही सलाह मिलेगी। आप देखेंगे कि आपकी इरिटेशन और तनाव भी काफी हद तक कम हो रहा है।



**मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें:** अच्छी बुक्स पढ़ना अच्छी आदत है। जब मूड अपसेट हो तो मोटिवेशनल बुक्स मन को शांत करने में मददगार हैं। अपनी पर्सनल लाइब्रेरी में कुछ अच्छी मोटिवेशनल किताबें जरूर रखें। जब दिमाग किसी उलझन में हो तो इन किताबों को पढ़ें, इससे आप रिलैक्स महसूस करेंगी।



**पार्क में घूमें:** जब भी कभी आप इरिटेशन और तनाव महसूस करें तो पार्क में घूमने निकल जाएं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा रहेगा। हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच में टहलना, नेचर को महसूस करना, चिड़ियों की चहचहाहट को सुनना थैरेपी का काम करता है। यह काफी फायदेमंद होता है, इससे मन एकदम से तरोताजा हो जाता है।

इनके अलावा और भी बहुत उपाय हैं, जिनकी मदद से मन की उद्विग्नता, इरिटेशन और तनाव को खत्म कर सकती हैं। जैसे कोई कॉमेडी मूवी/शो देखना, बच्चों के साथ खेलना, शॉपिंग करना, म्यूजियम घूमने जाना, योगा करना या फिर पेंटिंग, सिंगिंग जैसे क्रिएटिव काम। इससे मन को सुकून मिलेगा, इरिटेशन और तनाव दूर होगा।

### कब लें डॉक्टर से सलाह

**कभी-कभार** इरिटेशन और तनाव महसूस करना, सामान्य-सी बात होती है। लेकिन अगर असामान्य रूप से लगातार कोई तनावग्रस्त है। उसका मूड हमेशा खराब रहता है, वह परेशान रहता है, उसे घबराहट और निराशा महसूस होती है तो तुरंत मनोचिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब लगातार यह लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो डॉक्टर ही सही रूप से जांच कर, उसकी इरिटेशन किन मानसिक स्थितियों या शारीरिक कारणों से है, बता सकते हैं। ऐसे में देर ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें।


लाइफस्टाइल / विनीता

आपके आस-पास जो भी लोग हैं, उनसे अपनेपन से जुड़ना जरूरी है। इससे आप जिंदगी में कभी भी खुद को अकेला नहीं महसूस करेंगी। हर मुश्किल का सामना आसानी से करेंगी। अपनों से आप कैसे जुड़ी रहें, जानिए।

# अपनों को देकर अहमियत जिंदगी बनाएं आसान

हम बिना समाज के अपनी कल्पना नहीं कर सकते। ऐसे ही नहीं कहा गया है 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।' हमारा परिवार, हमारे नाते-रिश्तेदार और मित्र, यहां तक कि आस-पड़ोस के लोग भी हमारा बहुत बड़ा संबल होते हैं। कठिन परिस्थितियों में इनकी सलाहें हमें सही राह दिखाती हैं। हम मुश्किलों से उबरते हैं। इनका साथ हमारे लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में कोई यह बोले, 'मुझे किसी की सलाह की जरूरत नहीं। मैं अपनी मर्जी की मालिक हूं। मुझे जो ठीक लगेगा वही करूंगी।' ऐसी सोच ठीक नहीं है। यह सोच आपको अहंकारी बनाती है। आप अपनों से दूर होकर, अपने जीवन में बहुत अकेली पड़ जाएंगी। इसलिए अपना व्यवहार कभी ऐसा ना रखें कि लोग आपको अहंकारी समझें। इस बात का ध्यान रखें, कहीं अनजाने में आप भी किसी ऐसी आदत की तो शिकार नहीं हो रही हैं, जो आपको अपनों से दूर कर दे। अगर आपको ऐसा लगता है, तो आज से ही अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। अपने आस-पास के लोगों से जुड़ें, उनसे मिठास भरा रिश्ता बनाएं। इसके लिए आप कुछ बातों को अमल में लाएं-

**अपनों से लें सलाह:** आपको कोई ऐसा निर्णय लेना है, जो पूरे परिवार से जुड़ा है तो उसके बारे में परिवार के सभी सदस्यों को जरूर बताएं, उनकी राय लें। पति और घर के बुजुर्गों से तो राय लें ही, अगर आपके बच्चे टीनएजर हैं, तो उनसे भी सलाह लें। उनकी भी राय जानना भी आपके लिए जरूरी है। कई बार आप अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पातीं, ऐसे में जब आप आस-पास के लोगों से उस समस्या के बारे में बातचीत करेंगी, आपके लिए उसका समाधान ढूंढना आसान हो जाएगा। अगर आप वर्किंग हैं तो ऑफिस में जिनके साथ लंबे समय से काम कर रही हैं, आपके सीनियर हैं, किसी काम को शुरू करने से पहले इनसे विचार-विमर्श करें। वे अपने अनुभव के आधार पर आपको ऐसी सलाह दे सकते हैं, जो आपके करियर की सक्सेस के लिए जरूरी है।



**रिश्ते में आती है मजबूती:** जब आप अपनों से सलाह- मशविरा कर उन्हें अच्छा महसूस कराती हैं, तो इससे आपके आपसी संबंधों में मजबूती आती है। दूसरा व्यक्ति भी जरूरत होने पर खुलकर आपके साथ अपनी भावनाओं की साझेदारी करेगा। यकीन मानिए, इस तरह के इमोशनल सपोर्ट जिंदगी के लिए बहुत जरूरी होते हैं।

**अपनों को कराएं स्पेशल फील:** अपने प्रेममय व्यवहार से आप समय-समय पर अपनों को खास होने का अहसास दिलाती रहें। उदाहरण के लिए घर पर परिवार के सदस्यों से पूछें कि आज लंच या डिनर में क्या खाना पसंद करेंगे? उनकी पसंद के अनुकूल कोई डिश तैयार करें, इससे उन्हें अच्छा लगेगा। किसी वीकएंड पर आप उनके साथ उनकी किसी मनपसंद जगह घूमने जाएं, उनकी पसंद की मूवी भी उन्हें दिखा सकती हैं। इस तरह का आपका व्यवहार परिवार के सदस्यों का दिल जीतेगा।

**करें भावनाओं का सम्मान:** हो सकता है कि अपनों के लिए कुछ खास करने में आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़े फिर भी उनकी भावनाओं का सम्मान करें। उनके अच्छे प्रयासों की सराहना करें। इससे उन्हें अच्छा महसूस होगा। वे भी आपकी भावनाओं का खयाल रखेंगे। इस तरह आप जब अपनों को अहमियत देंगी, उनका खयाल रखेंगी तो आपके रिश्ते हमेशा अपनेपन और प्रेम से भरे रहेंगे। आपकी जिंदगी बहुत आसान हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मावकाश के गृह कार्य की प्रदर्शनी लगाई

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में सोमवार को ग्रीष्मावकाश के गृह कार्य की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। मार्गदर्शन स्कूल के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा का रहा। गृह कार्य की प्रदर्शनी में सभी विषयों के लिए अलग-अलग विभाग बनाए गए जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित ,सामाजिक विज्ञान, संस्कृत व योग आदि के कॉर्नर थे। अंग्रेजी भाषा में मनीषा ने प्राकृतिक शक्ति व अंशिका ने तनाव से मुसीबत में कैसे मुक्त रहें पर प्रस्तुति दी।

### शिविर में 58 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को शहर में सोनीपत मोड स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित साप्ताहिक रक्तदान शिविर में 2 महिला रक्तदाताओं समेत 58 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में रोटरी ब्लड बैंक सोनीपत की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। ट्रस्ट द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को भगवान परशुराम चौक में रक्तदान शिविर आयोजित करके लोगों को समाजसेवा का संदेश दिया जाता है।

### 221 पौधे लगाने का अपना लक्ष्य पूरा किया

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा अपने तीसरे स्थापना दिवस पर चलाए गए वन महोत्सव अभियान के 221 पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा कर लिया। समिति ने सफीदों रोड के क्षेत्र, राजकीय प्राथमिक पाठशाला खन्दराई, गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय विद्यालय एवं गांव में सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष जगमहेन्द्र सिंह ने बताया कि समिति के तीसरे स्थापना दिवस पर वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 221 पौधे रोपने का लक्ष्य रखा था।

### इंस्पायर अवार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी

**गोहाना।** शैक्षणिक खंड मुंडलाना के बीईओ बसंत कुमार ढिल्लों ने सोमवार को सेक्टर 7 स्थित खंड कार्यालय में टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों की बैठक ली। बैठक में शैक्षणिक खंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से विज्ञान व गणित विषय के टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों को इंस्पायर अवार्ड व इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण संबंधी जानकारी दी।

### सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

**गोहाना।** सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में सोमवार को जजपा के गोहाना व बरोदा हलका कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में कार्यकताअरं की आगामी सम्मेलन के लिए ड्यूटी लगाई गई। बैठक की अध्यक्षता जजपा जिला सोनीपत इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद चेयरमैन राज सिंह दहिया ने की। मुख्य वक्ता जुलाना हलका के विधायक अमरजीत ढांडा प्रभारी के तौर पर कार्यकताअरं से रूबरू हुए। वे बोले कि 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे सोनीपत के मुरथल रोड पर मामचंद वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा।

## गन्नौर से शाहपुर रोड वाया खुबडू सड़क मार्ग सुधरेगा

# सड़क मरम्मत का काम दो दिन बाद प्रारंभ होगा

### पीडब्ल्यूडी विभाग ने पिछले दिनों सड़क को उखाड़ कर छोड़ दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गन्नौर से शाहपुर रोड वाया खुबडू सड़क के मुरम्मत का कार्य दो दिन बाद शुरू होगा। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क को पिछले दिनों उखड़वा दिया था, लेकिन उसके बाद बरसात के मौसम के चलते काम रोक दिया गया। अब विभाग द्वारा सड़क के नवनिर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। 16.70 किलोमीटर इस लंबी सड़क पर 11 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। सड़क रिपेयरिंग के लिए छह महीने का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन एजेंसी को सड़क को तीन महीने में ही तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर को वाया खुबडू से शाहपुर एनएच 71ए से जोड़ने जीटी रोड से जोड़ने वाली सड़क का जीर्णोद्धार कई वर्षों से नहीं हुआ है। यह सड़क पिछले कई वर्षों से सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी है और क्षेत्र के लोग रोड के निर्माण की बाट जोह रहे थे। पिछले महीने सड़क नवनिर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया था। विभाग द्वारा बीएसटी आरओबी पर मेस्टिक लेयर बिछवा दी गई और सड़क को उखड़वा दिया, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से काम बीच में रोक दिया। जिस वजह से राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। रोड उखड़ने की वजह से दुपहिया वाहन चालक सड़क पर गिर कर घायल हो रहे हैं।



गन्नौर। नवनिर्माण के लिए उखाड़ा गया गन्नौर से शाहपुर रोड वाया खुबडू रोड। फोटो:हरिभूमि

**विधायक ने दिए निर्देश**

सड़क उखड़ने की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से बात कर उन्हें सड़क रिपेयरिंग का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। दो दिन बाद रिपेयरिंग काम शुरू हो जाएगा। जिसके बाद लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

**शहर की तरफ से शुरू होगा काम**

पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन पंकज गौड़ ने बताया कि शहर में लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है, जिस वजह से सड़क नवनिर्माण का कार्य शहर की तरफ से शुरू करवाया जाएगा। तीन महीने के भीतर सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

- सोमवार को प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन प्रधान मुकेश टांक ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच सम्बंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बाली सेना द्वारा नगर निगम में विरोध प्रदर्शन छठे दिन भी जारी रहा। सोमवार को प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन प्रधान मुकेश टांक ने की। संचालन यूनियन के सचिव सावन कुमार ने किया। यूनियन के प्रधान मुकेश टांक ने नगर निगम के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि निगम प्रशासन सफाई कर्मचारियों की मांगों को अनसुना कर रहा है। वे रोजाना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी ने उनकी आज तक कोई बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी ईमानदारी से 12 बजे तक काम करते हैं और इसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू करते हैं। इसके बाद 2 बजे से फिर अपना काम शुरू कर देते हैं। कर्मचारियों ने इस दौरान 2018 के प्रदेश सरकार के आदेशों के अनुसार ठेका सफाई कर्मचारियों को पे-रोल पर लेने की मांग दोहराई। इस अवसर पर अनिल, अंकुश, मुकेश कर्मा, विकास, विजय, प्रवीन आदि मौजूद रहे।




विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एमडी महेंद्र सिंह मलिक।

### मेधावियों का सम्मान

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में सोमवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक का रहा। एमडी ने समारोह में ग्रीष्मकालीन अवकाश, लिखाई व अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में दक्षता हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल दोबारा से खुल गए हैं। ऐसे में विद्यार्थी दोबारा से मन लगाकर पढ़ाई करें व लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। वे बोले कि जीवन में केवल मेहनत ही सफलता का आधार है। समारोह में स्कूल के प्रबंधक कुलदीप देशवाल, प्राचार्य जयवीर रुहिल, शिक्षक सुमित रोहिल्ला, रजत खुराना, डेनियल, रितु सांगवान, प्रीति राणा और अमित चहल ने भी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया।

### विकास पर सह इंटर्नशिप का दूसरा संस्करण प्रारंभ

**राई।** राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम)कुंडली में खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं विकास पर प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप कार्यक्रम का दूसरा संस्करण शुरू हो गया है। संस्थान के निदेशक डॉ. हरिन्दर सिंह ओबरॉय ने कार्यक्रम शैक्षणिक ज्ञान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने के लिए बनाया गया है। इसका पाठ्यक्रम प्रशिक्षुओं को बेक्ड, एक्सट्रूडेड, फ्रोजन डेयरी और मांस उत्पादों और पेय पदार्थों के उत्पादन में भूमिकाओं के लिए तैयार करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रसन्न कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण चार सप्ताह तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य इंजीनियरिंग और संबधित क्षेत्रों में स्नातक छात्रों की तकनीकी योग्यता को बढ़ाना है। पहले संस्करण में पायलट प्लांट और प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक अभ्यास, उत्पादन तकनीक और गैर-थर्मल प्रसंस्करण, कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग, लेबलिंग, ब्रांडिंग, विनियमन और खाद्य सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया गया।

### शहीद चंद्रशेखर के पदचिंह्नों पर चलने का संकल्प

**गोहाना।** सोमवार को गांव ठसका में शहीद चंद्रशेखर आजाद के नाम से चौक का नामकरण किया गया। गांव की सरपंच पूनम देवी ने चौक का उद्घाटन किया। समारोह में गांव के युवाओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के पद्चिहनों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह की अध्यक्षता एनिमल क्युर क्लब के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ ने की। समारोह के मुख्यातिथि समाजसेवी दिनेश बॉक्सर और प्रवीन दहिया रहे। दिनेश बॉक्सर ने कहा कि हमारे शहीद हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमारे शहीदों ने अपने देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों के आहुति देने में जरा भी संकोच नहीं किया। आज उन्हीं की कुबार्नी की बदौलत हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें शहीदों के पद्चिहनों पर चलते हुए मजबूत राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करना चाहिए। समारोह में क्लब के सदस्यों में दीपक शर्मा, विशाल, निशांत, मोहित, सुमित और चेतन मौजूद रहे।



गोहाना। चौक का नामकरण करते अतिथि व क्लब के सदस्य।



खरखौदा। लोगों से संवाद करते कांग्रेस नेता जगदीश चहल राठधना

### कांग्रेस नेता ने खांडा गांव में किया जनसंवाद

**खरखौदा।** कांग्रेस नेता व कार्यकताअरं ने खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के गांव खांडा में जनसंपर्क किया और गांव में विभिन्न स्थानों पर लोगों से संवाद स्थापित किया। पंडित मोहल्ला, दलित बस्ती व पिछड़ा वर्ग मोहल्ला में अलग-अलग नुक्कड़ सभा की गई। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश चहल राठधना ने कहा कि भाजपा की हरियाणा सरकार अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग के रिक्त पदों को भरने की बजाय उन्हें कौशल रोजगार रूपी झुनझुना थमा रही है। ऐसा किया जाना बेरोजगार गरीब बच्चों के जीवन को बर्बाद करने के सिवाय कुछ नहीं है। सरकार वास्तव में अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के युवाओं का भला चाहती है तो जो लगभग दो लाख नियमित पद रिक्त हैं। उनकी भर्ती करें एससी, बीसी का बैकलॉग पूरा करें। भाजपा साज़िश के तहत पदों को रिक्त रखती है। यह परोक्षरूप से आरक्षण और संविधान को खत्म करने जैसा है, जिसे वंचित समाज स्वीकार नहीं करेगा। सरकार बताए कि प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी में दूसरे प्रदेश से कितने युवाओं को भर्ती किया गया है।

### लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए करेंगे काम: बिंदल

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश के लघु उद्योग प्रकोष्ठ की तरफ से एमएसएमई की जिलास्तरीय बैठक गुरुग्राम में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने की। बैठक में लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही सामने आने वाली समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने सभी की समस्याओं को ध्यान से सुना और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इससे पूर्व बैठक में पहुंचने पर अमित बिंदल का पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करते रहें। संगठन को नई बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए सभी का एकजुट होकर कार्य करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कार्यकताअरं को कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों के नामों की दूसरी सूची भी जल्द जारी की जाएगी। पहली सूची में 9 जिलों की कार्यकारिणी घोषित की गई थी। अन्य जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा जल्द की जाएगी।



सोनीपत। भाजपा नेता अमित बिंदल का स्वागत करते हुए।



खरखौदा। खंड कृषि अधिकारी को शिकायत देते किसान।

### जताई पोटाश खाद में मिलावट की आशंका

**खरखौदा।** मटिंडू गांव के किसान ने पोटाश खाद में मिलावट की आशंका जताई है। भुक्तभोगी ने इस आशय की शिकायत खंड कृषि अधिकारी को दी है। किसान ऋषि प्रकाश ने बताया है कि उसने खरखौदा के सांपला मार्ग स्थित एक बीज भंडार से पोटाश खाद के दो कट्टे खरीदे थे। जब उसने खेत में उक्त खाद का प्रयोग किया तो हाथ पर काले रंग की स्याही के निशान बन गए। खेत में पानी देते ही खाद पानी के ऊपर तैरने लगा। उसे शक है कि इस पोटाश खाद में कोई ना कोई गड़बड़ी अवश्य है। जिसकी जांच की जानी चाहिए और उसके नुकसान की भरपाई की जानी चाहिए। खंड कृषि अधिकारी रविंद्र दहिया का कहना है कि उन्होंने किसान की शिकायत को उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया है। अब उनकी तरफ से जो भी आदेश दिए जाएंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दीपेंद्र सिंह हुड्डा युवाओं व बेरोजगारों की आवाज संसद तक उठा रहे : जयभगवान

- आंतिल बाराह खाप के प्रधान सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



रोहतक सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से उनके दिल्ली आवास पर पहुंचकर आंतिल बाराह खाप के प्रधान एंव कांग्रेस नेता न जयभगवान आंतिल ने मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र के विकास को लेकर सांसद दीपेंद्र हुड्डा से विभिन्न मुद्दों पर लंबी चर्चा की और क्षेत्र के हालात के बारे में अवगत कराया है। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा युवाओं और बेरोजगारों की आवाज संसद तक उठा रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार भाजपा सरकार बढ़ा है, आज तक पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था। इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में प्रदेश में भूखमरी जैसे हालात हो जाएंगे। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार को लाना होगा। उन्होंने कहा कि दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने हर बार संसद में हरियाणा की प्रगति व उज्ज्वल के लिए आवाज उठाई है। यही कारण है कि दीपेंद्र सिंह हुड्डा को आज हर युवा उम्मीद की नजरों से देख रहा है। भाजपा सरकार में बढ़ी बेरोजगारी के आगे प्रत्येक वर्ग परेशान है। यहां तक कि खिलाड़ियों की आवाज उठाने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। अवसर पर उनके साथ काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोहर सिंह को बनाया राहुल प्रियंका गांधी सेना का प्रदेश सचिव

**खरखौदा।** मोहर सिंह श्योराण को कांग्रेस विचार धारा से संबद्ध राहुल प्रियंका गांधी सेना का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जगदीश शर्मा ने उन्हें इस आशय का पत्र जारी कर प्रदेश सचिव बनाए जाने की घोषणा की है। मोहर सिंह श्योराण ने बताया कि उन्हें जो पद सौंपा गया है। वे उसे सहर्ष स्वीकार करते हैं और शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हैं। वे प्रदेश में पार्टी के विस्तारीकरण के लिए पूरी लगन व मेहनत के साथ काम करेंगे। इससे पहले भी वह लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के लिए निस्वार्थ भावना से कार्य करते रहे हैं।



# कांग्रेस की सरकार आने पर होगा प्रदेश का बेहतर विकास : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

हल्का राई के नांगल कलां गांव में युवा कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल खेवड़ा ने नांगल कलां गांव में ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। आंतिल ने संबोधित करतेहुए कहा कि आज देश की सम्पति कुछ चुनिंदा चाटुकारो की होकर रह गई है। गरीब आदमी दिन प्रतिदिन गरीब होता जा रहा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर 500 का गैस सिलेंडर, 6000 वृद्ध पेंशन, 100 गज के प्लाट, दो लाख बेरोजगारों को सरकारी रोजगार दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के हाथ मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश में जब हुड्डा सरकार आएगी तभी प्रदेश का विकास होगा। कांग्रेस पार्टी हर वर्ग का साथ देने वाली पार्टी है। जो कि जात-पात, धर्म से अपर उठकर काम करती है। कार्यक्रम में ग्रामीण रोहतास, इंद्रसिंह, राकेश पंच, आनंद पंडित, विकास, प्रदीप अमित, दीपक दहिया, मनोज आदि मौजूद रहे।



राई। युवा कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल खेवड़ा ने नांगल कलां गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। फोटो:हरिभूमि

**प्रतियोगिता** ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता का आयोजन

जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी व सीडीपीओ निर्मल ने की शिरकत

# सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता में टेहा गांव की प्रीति ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी कार्यालय द्वारा सोमवार को मिनी सचिवालय में महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी ने किया। सीडीपीओ निर्मल ने अधिकारी का स्वागत किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार टेहा गांव की प्रीति, द्वितीय स्थान पर बड़ी गांव की रेनू, तृतीय स्थान बड़ी गांव की रूपा ने प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अंबाला में होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 15 जुलाई सोमवार को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सर्कल सुपरवाइजर, सहायक कमला, एस ए देवेन्द्र कुमार, सेवादार संदीप आदि मौजूद थे।



गन्नौर। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी प्रतियोगिता की विजेताओं के साथ। फोटो:हरिभूमि




### पर्यावरण सुरक्षा को लेकर क्लब ने पौधरोपण किया

**गन्नौर।** रोटरी क्लब आफ गन्नौर द्वारा पर्यावरण सुरक्षा को लेकर क्लब के सदस्य संजय चांदना की याद में जी टी रोड स्थित डिवाइन सिटी में पौधारोपण किया गया। अभियान की शुरूआत जिला उप न्याय विद बलदेव सिंह ने की। क्लब के सदस्यों द्वारा 51 फलदार, छायादार पौधे लगाए गए। क्लब के प्रधान विकास जैन, नवीन खन्ना, प्रीतम आहूजा, अनिल वर्मा, संदीप जैन, विनोद बंसल, कमल चांदना, चारु चांदना, कंगना चांदना, डिवाइन सिटी कार्यालय से मनोज व प्रवीन ने पौधारोपण किया।

**ग्राम पंचायत रूखी**
**खण्ड गोहाना, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)**
**मो. नं. 8747970000**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रूखी द्वारा 12.7.2024 को गांव के बस अड्डे पर दो दुकानों की बोली व चौपाल के कंडम सामान की खुली बोली करवाई जाएगी। चौपाल के कंडम सामान में झांकी, 2 चौखट 60 कड़ियां व 1 शहतीर है। बोली प्रातः 10 बजे गांव के ग्राम सचिवालय में होनी सुनिश्चित हुई है।

-हस्ता/-
सरपंच ग्राम पंचायत रूखी
तह. गोहाना (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### रुपये व मोबाइल छीनने का एक आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुकेश निवासी बेगुसराय बिहार हाल दुर्गा कॉलोनी राई का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आ रोपित से पूछताछ की जा रही है।

शहजादपुर निवासी सलीम ने गत 14 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह चालक के तौर तैनात है। गत 14 मई को अपी गाड़ी लेकर जीरो प्वाइंट पर पहुंचा। तीन-चार व्यक्ति उसके पास आएं। करीब 1.15 बजे रात कहने लगे कि तुम उसकी गाड़ी का एक्सीडेंट करके आया है।

### एटीएम कार्ड बदल 50 हजार रुपये निकाले

**गोहाना।** शहर थाना क्षेत्र में अज्ञात ने अंबेडकर चौक व बाल्मीकि चौक के पास स्थित दो एटीएम बूथों से डेबिट कार्ड बदलकर दो लोगों के बैंक खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए गए। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गीता कॉलोनी निवासी कर्मपाल ने बताया कि वह शनिवार को अंबेडकर चौक के पास स्थित यूनियन बैंक के एटीएम बूथ पर पैसे निकलवाने के लिए गया था। उसे डेबिट कार्ड से पैसे निकाले नहीं आते। पीड़ित ने पीछे खडे युवक से मदद मांगी और डेबिट कार्ड का कोड बता दिया। युवक ने डेबिट कार्ड बदल लिया और पैसे नहीं निकलने का बहाना बना दिया।

### चोरों ने पार्षद व पेट्रोल पंप कर्मी की बाइक चुराई

**सोनीपत।** पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है।वार्ड नंबर-2 से निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक को बस स्टैंड के पास स्थित अपने घर के बाहर खड़ा किया था। देर रात दो बजे दो चोर उनकी बाइक को चोरी कर ले गए। सुबह बाइक नहीं मिली तो उन्होंने सीसीटीवी की जांच की। जिसमें दो संदिग्ध दिखाई दिए। उन्होंने मामले की शिकायत ओल्ड चौकी पुलिस को दी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी दी है।वहीं गोहाना रोड पर चोर एक पेट्रोल पंप के कर्मचारी की बाइक चोरी कर ले गए। गांव लाठ निवासी रामफल मोहाना के पास स्थित यूनिक फिलिंग स्टेशन पर काम करते है।

### खेत से सोलर की मोटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव पिनाना में किसान के खेत से सोलर की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी कर्ण सिंह ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। खेत में सिंचाई के लिए उसने सोलर पंप लगा रखा है। जिसमें तीन एचपी की सोलर मोटर लगा रखी है। किसी ने उसकी मोटर गायब मिली। अपने स्तर पर मोटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी देविंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।मोहाना थाना क्षेत्र के गांव पिनाना में किसान के खेत से सोलर की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### फीस जमा करवाने के लिए पहुंचे थे, नहीं कट पाए चालान

# कालेजों में दाखिलों के लिए पहुंचे विद्यार्थी, पोर्टल ने किया परेशान

दोपहर तक बंद रहा पोर्टल, उसके बाद चला तो लेकिन रुक-रुककर पहली सूची में नाम आने के बाद दाखिले के लिए जरूरी है फीस जमा करवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सोनीपत के हिंदू महाविद्यालय में फीस जमा करवाने के लिए लगी भीड़। *फोटो : हरिभूमि*

जिले के महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया चल रही है, लेकिन सोमवार को पोर्टल ने दाखिला प्रक्रिया को बहुत धीमे कर दिए। हुआ यूं कि दोपहर तक तो फीस जमा करवाने के लिये पोर्टल ही नहीं चला और दोपहर बाद चला तो रुक-रुककर चला। ऐसे में विद्यार्थी घंटों इंतजार में खड़े रहे और इंतजार के बाद भी अधिकतर की फीस ही जमा नहीं हो पाई। फीस जमा करवानी भी जरूरी है, क्योंकि पहली वरियता सूची में शामिल विद्यार्थियों का दाखिला तब ही पक्का होगा, जब वे फीस जमा करवा देंगें। वहीं फीस जमा करवाने का अंतिम दिन मंगलवार है। ऐसे में दिन भर विद्यार्थी फीस जमा करवाने के लिये महाविद्यालयों में इंतजार करते रहे। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में दाखिले के लिए 05 जुलाई को पहली फाइनल वरीयता सूची जारी की थी। जिसमें शामिल विद्यार्थियों को अपना दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए 09 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय दिया था। रविवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी फीस जमा करवाने के लिए पहुंचे, लेकिन सुबह से ही पोर्टल नहीं चलने के कारण चालान नहीं कट सके। जिस कारण विद्यार्थी पोर्टल चलने का इंतजार करते रहे। शहर के हिंदू महाविद्यालय में कई घंटे के बाद पोर्टल चला, लेकिन रुक-रुक कर चलने से चालान कटने में काफी समय लगा, जिससे फीस जमा करवाने वाली खिड़की पर विद्यार्थियों की भीड़ लगी रही। मंगलवार से स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के दाखिले शुरू होने हैं। इन कक्षाओं के विद्यार्थी भी फीस जमा करवाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन पोर्टल नहीं चलने से परेशान रहे। अन्य महाविद्यालयों में भी यही स्थिति रही।

#### आज संपन्न होगा पहला दौर, 11 को दूसरी सूची

महाविद्यालयों में चल रही दाखिला प्रक्रिया के तहत पहले चरण की दाखिला प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न होगी। सीटें रिक्त रहने पर दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिसके तहत दूसरी प्रोविजनल मेरिट सूची 10 जुलाई को जारी की जाएगी। जबकि फाइनल वरीयता सूची 11 जुलाई को जारी होगी। जिसमें शामिल विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने के लिए दो दिन का समय दिया जाएगा, जिसके तहत विद्यार्थी 13 जुलाई तक फीस जमा करवा सकेंगे।

#### दो सूची के बाद काउंसिलिंग

महाविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि पहली व दूसरी वरीयता सूची की दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद भी यदि कोई विद्यार्थी दाखिले से वंचित रह जाता है और सीटें रिक्त रहती है तो 16 जुलाई को आवेदकों की फिजिकल काउंसिलिंग की जाएगी। इसके बावजूद सीटें रिक्त रहने पर पंजीकरण के लिए दाखिला पोर्टल फिर से ओपन किया जाएगा।



**सोनीपत।** धरना स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी साथ में सीटू नेता आनंद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

## 7वें दिन भी जारी रही कर्मचारियों की कर्मिक भूख हड़ताल

- ठेका सफाई कर्मचारियों ने निगम के अफसरों व ठेकेदारों पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों की कार्मिक भूख हड़ताल पीसीसी कंपनी के ऑफिस के आगे 7 वे दिन भी जारी रही। धरनास्थल की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की, संचालन कोषाध्यक्ष पवन कुमार ने किया। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि ठेका सफाई कर्मचारियों के साथ निगम के अधिकारियों, ठेकेदार द्वारा बदले की भावना से कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पीसीसी कंपनी द्वार कर्मचारियों से बेगार कराई जा रही है। कर्मचारियों के बदले की भावना से वेतन रोक गया है, कर्मचारियों की काम करते हुए कि हाजरिया नहीं लगाई जा रही है। पीसीसी कंपनी द्वारा सफाई कर्मचारियों के दूर-दूर ट्रांसफर किए जा रहे हैं। छुट्टी कर घर बैठे कर्मचारियों के भी नोटिस निकले जा रहे हैं। नगर निगम के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। नगर निगम कमिश्नर को अनेक बार ज्ञापन दिए परंतु ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा। वर्ष 2019 में नगर निगम द्वारा पीसीसी कंपनी को सफाई के लिए कार्य दिया गया था 5 साल से कर्मचारियों को डीसी रेट के मुताबिक वेतन नहीं दिया गया। ना कर्मचारियों को कोई सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी गई। कंपनी के प्रबंधक द्वारा 966 रुपए प्रत्येक कर्मचारी को कम वेतन दिया गया। वर्ष 2019 में सफाई कर्मचारियों की संख्या 585 कर्मचारी थी, कर्मचारियों के करोड़ों रुपए निगम के अधिकारी वे ठेकेदारों द्वारा मिलबाटकर खाया गया है। इस दौरान सीटू जिला कमेटी ने फैसला लिया है कि 11 जुलाई को सीटू से जुड़ी तमाम यूनियन बीजेपी से विधायक मोहनलाल बडोली के आवास पर प्रदर्शन करेंगे व पीसीसी कंपनी के ऑफिस के बाहर भी प्रदर्शन किया जाएगा। धरनास्थल पर सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।

## महिला विश्वविद्यालय में होगी 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस

- विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने सम्मेलन का अधिकारिक पोस्टर जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** राष्ट्रीय सम्मेलन के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में 24 अक्तूबर से 26 अक्तूबर तक तीन दिवसीय 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन किया जाएगा। विवि के समाज कार्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एनएपीएसडब्ल्यूआई) के संयुक्त तत्वावधान में यह कॉन्फ्रेंस वूमेन एंपावरमेंट एंड वेल बींग सोशल वर्क रिस्पांस विषय पर आयोजित होगी।राष्ट्रीय सम्मेलन की मुख्य संरक्षक एवं महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने सम्मेलन का अधिकारिक पोस्टर जारी किया। देशभर से सैकड़ों प्रतिभागी इस सम्मेलन में भागीदारी करेंगे। प्रो. सुदेश ने आयोजक टीम को इस राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि इस सम्मेलन में प्रतिभागियों को विषय से संबंधित विशेषज्ञों से रूबरू होने का मौका मिलेगा तथा समाज कार्य से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा होगी। पोस्टर विमोचन के अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीपाली माथुर एवं डॉ. ज्ञान मेहरा उपस्थित रहे।

### बैठक में कुलपति पर स्व:हित साधने के आरोप

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डीक्रयू सोनीपत के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक प्रधान आनंद राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य मांगों में नए पदों के सृजन के लिए कुलपति की टिप्पणी सरकार को भेजना, लंबित प्रमोशन, प्रशासनिक भवन के सभी कार्यालयों में एसी, कर्मचारियों की प्रमोशन के बाद उनकी पे-फिक्सेशन व पदानुसार पोस्टिंग, मेडिकल बिलों का समय पर निस्तारण, विवि लिफ्टों व सड़कों की मरम्मत, प्रशासनिक भवन की पार्किंग का विस्तार, एसईटीसी पास करने उपरांत कर्मचारियों की इन्क्रीमेंट आदि शामिल हैं। राणा ने आरोप लगाया कि कुलपति कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान न देकर स्व:हितों को साधने में लगे हुए हैं।

## एमएससी फिजिक्स के सेमेस्टर-1 व 3 में 7 छात्राएं विवि की मेरिट सूची में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** विवि स्तर पर नाम दर्ज करवाने वाली छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित किये गये एमएससी फिजीक्स के सैमेस्टर-1 व 3 के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीवीएम गर्ल्ज कालेज की सात छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। सैमेस्टर-1 में जीवीएम की प्रियंका विश्वविद्यालय स्तर पर तीसरे स्थान पर रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जीवीएम के स्नातकोत्तर फिजीक्स विभाग की प्राध्यापिका सोनम राय ने परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमएससी फिजीक्स के सैमेस्टर-1 में प्रियंका ने तीसरा स्थान, मोनिका ने पांचवां स्थान, मोनिका-2 ने 14वां स्थान तथा विभूति ने 20वां स्थान और निकिता ने 22वां स्थान हासिल किया। एमएससी फिजीक्स के सैमेस्टर-3 में जीवीएम की छात्रा कीर्ति ने 25वां स्थान और सोनिया ने 28वां स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विभागीय प्राध्यापिकों सोनम राय, सिल्की, ज्योत्सना और अंशू शर्मा ने भी विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी।

## ट्रेन से नीचे उतरी महिला व फल लेने उतरे युवक की सोने की चेन झपटी

- राजकीय रेलवे पुलिस व कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

झपटमार ट्रेन सवार बुजुर्ग महिला का बाला और फल लेने कार से उतरे युवक की सोने की चेन झपट ले गए। पीड़ितों ने मामले की राजकीय रेलवे पुलिस व कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीमें मामले में जांच कर रही है।

मयूर विहार निवासी सुशीला (60) ने राजकीय रेलवे पुलिस को बताया कि वह रविवार को सवारी गाड़ी में सवार होकर दिल्ली के नरेला से सोनीपत आ रही थी। ट्रेन गांव राठधना रेलवे स्टेशन पर रूक गई। जब ट्रेन चलने लगी तो अचानक एक युवक ट्रेन में सवार हुआ और उनके कान से सोने का बाला झपट लिया। उसके बाद युवक ट्रेन से कूदकर भाग गया। उन्होंने मामले से रेलवे पुलिस को अवगत कराया। राजकीय रेलवे पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई योगराज ने बताया कि जल्द से जल्द युवक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

#### कार से फल लेने उतरे युवक से की वारदात

कुंडली की हांडा कॉलोनी निवासी संजय कुमार ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह रविवार रात को कार में सवार होकर निफ्टम चौक पर फल-सब्जी लेने आए थे। वह मेडिकल स्टोर के पास फल की रेहड़ी पर केले लेने चले गए। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आए और उनके गले से सोने की चेन झपट ली। हालांकि चेन से लॉकेट वहीं गिर गया। उसके बाद झपटमार चेन लेकर भाग गए। कुंडली थाना पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई युद्धवीर ने बताया कि बाइक सवार झपटमारों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

### दो-पहिया वाहन चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुकेश निवासी जीवन नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए वाहन को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। न्यू महावीर कॉलोनी निवासी दिक्षांत ने 4 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 3 जुलाई को करीब 12.30 बजे नागरिक अस्पताल में दवा लेने के लिए गया था। बाइक को बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। दवाई लेकर वापिस बाहर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।



**सोनीपत।** अभियान के तहत तुलसी वितरित करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

### अभियान चलाकर वितरित किए गए 100 तुलसी के पौधे

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय मुरथल अड्डे में तुलसी वितरण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या सुमन बाला ने पौधा भेंट करके अभियान को शुरू किया गया। सभी से निवेदन किया गया कि सभी अपने घरों में तुलसी के पौधे लगाए क्योंकि तुलसी धार्मिक और आयुर्वेदिक पौधा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज मुहिम में 100 तुलसी के पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, पहलवान हवा सिंह अंतिल, विष्णु दत्त, ऋतु राज, दर्शन कुमारी, कांता हुडा, योगिता, अरुण, स्मिता, सुमन, आरती, ईशा, नेहा, प्रीति, मेघना, मीना, कविता, सीमा, सविता, सारिका आदि उपस्थित रहे।

### प्राइम प्रो बॉक्सिंग में प्रतीक ने जीता स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** गांव थाना खुर्द के द स्टैनफोर्ड स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र प्रतिक ने स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल ब्लॉक खरखौदा, जिला सोनीपत सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल संजीत नैन ने बताया कि सोमवार को उनके स्कूल में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्राइम प्रो बॉक्सिंग प्रमोशन की तरफ से दिल्ली के मालवीय नगर में खेल का आयोजन किया गया। द स्टैनफोर्ड स्कूल के 10 वीं कक्षा के छात्र प्रतीक ने बॉक्सिंग के अपने वर्ग में पहला स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया। इस खुशी को साझा करने के लिए विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया को सम्मानित किया।

### शैक्षणिक उत्कृष्टता-सूक्ष्म और वृहद शिक्षण विषय पर कार्यशाला

## परंपरागत शिक्षा में तकनीक समावेश की जरूरत

- वर्तमान समय शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का समय : प्रो सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। महिला विवि के शिक्षा विभाग में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

शिक्षा विभाग की छात्राएं शिक्षण व्यवसाय की गरिमा को बनाए रखते हुए देश के उत्थान में हर संभव योगदान दें। वर्तमान समय शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का समय है। आज जरूरत है कि मूल्य आधारित परंपरागत शिक्षा में तकनीक का समावेश किया जाए। यह उद्गार बतौर मुख्य अतिथि, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज शिक्षा विभाग में शैक्षणिक उत्कृष्टता-सूक्ष्म और वृहद शिक्षण विषय पर आयोजित कार्यशाला में भावी शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बतौर मुख्य अतिथि, कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि बदलते वक्त के साथ देश में शिक्षण व्यवस्था बेहतर हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई है, जिससे शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। कुलपति ने छात्राओं का आह्वान किया कि वे विशेष रूप से संवाद कौशल एवं व्यवहार कौशल में बढ़ोत्तरी कर सामाजिक सरोकार में अपनी ऊर्जा लगाएं। शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और नई शिक्षण पद्धति को अपनाकर छात्राएं आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनु बल्हारा ने कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

#### कार्यशाला में लगभग 150 छात्राएं हिस्सा ले रही हैं

कार्यशाला कन्वीनर डॉ. सुशील ने कार्यक्रम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ. गोल्डी गुप्ता ने किया। डॉ. सरला ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला में लगभग 150 छात्राएं हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर शिक्षा संकाय की डीन डॉ. सुमन दलाल, निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा सहित शिक्षा विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।